**Headline: "Students donated 106 units of blood"**

Print Coverage:

| Date | Publication | Edition |
|---|---|---|
| **19 September, 2025** | Rajasthan Patrika | All |

# विद्यार्थियों ने किया 106 यूनिट रक्तदान




**जयपुर @ पत्रिका.** आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी की ओर से पी. डी. अग्रवाल की स्मृति में एनएसएस स्वयंसेवकों के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने 106 यूनिट रक्तदान किया।

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. पी. आर. सोडानी ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों का दायित्व केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्य भी विकसित करने के होने चाहिए। रक्तदान जैसे प्रयास विद्यार्थियों को संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व के लिए तैयार करते हैं। एनएसएस समन्वयक डॉ. गौतम साधु ने कहा कि विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी यह दर्शाती है कि वे सेवा और मानवता के महत्व को गहराई से समझते हैं।